श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199
Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay
Badshahithaul, Tehri Garhwal–249199

पत्रांक संख्याः 303/एस0डी0एस0यू0वी0/परीक्षा/2025 दिनांकः 19/04/2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
सम्बद्ध
समस्त अशासकीय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/ संस्थान।

विषयः–परीक्षा कक्षों एवं परीक्षा स्ट्रांग रूम में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि वि0वि0 सम सेमेस्टर परीक्षायें आगामी दिनांक 13 मई 2025 से होनी प्रस्तावित है। परीक्षा के नकलविहीन एवं सफल संचालन हेतु परीक्षा से पूर्व अपने महाविद्यालयों/संस्थानों के समस्त परीक्षा कक्षों एवं परीक्षा स्ट्रांग रूम में अनिवार्य रूप से सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगाना एवं सम्बन्धित सी0सी0टी0वी0 कैमरों की लॉगिन आई0डी0 तथा पासवर्ड वि0वि0 को दिनांक 05 मई 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 05 मई 2025 के पश्चात वि0वि0 टीम सी0सी0टी0वी0 कैमरों की जाँच हेतु निजी महाविद्यालयों/स्ववित्त पोषित संस्थानों का निरीक्षण करेंगे यदि किसी निजी महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित संस्थान में दिये गये निर्देशों के अनुरूप सी0सी0टी0वी0 कैमरे नहीं लगाए जाते हैं तथा लॉगिन आई0डी0 वि0वि0 को उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान का परीक्षा केन्द्र निरस्त कर दिया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित निजी महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित संस्थान की होगी।

अतः उक्तानुसार अवगत होते हुए निर्धारित समयानुसार उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

19/4/2025

परीक्षा नियन्त्रक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति जी, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. सहायक परीक्षा नियन्त्रक (मु0/व्या0)
4. कार्यालय प्रति।

परीक्षा नियन्त्रक।